## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 18.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने के एनडीए के फैसले का किया स्वागत।**
2. **शहीद सीआईएसएफ जवान संजय मुर्मू की गिरिडीह में की गई अंत्येष्टि, अधिकारियों और ग्रामीणों ने दी श्रद्धांजलि।**
3. **झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर कुख्यात अपराधी डब्लू सिंह ने सात साल फरार रहने के बाद मेदिनीनगर में किया सरेंडर।**
4. **मौसम विभाग ने सरायकेला–खरसावां, सिंहभूम, सिमडेगा और गुमला में जारी किया येलो अलर्ट, तेज बारिश, हवाओं और वज्रपात की जताई संभावना।**
5. **सैफ अंडर–17 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए राज्य से सात खिलाड़ियों का चयन, गुमला के पांच, रांची और हजारीबाग से एक–एक खिलाड़ी शामिल।**

*******************

झारखंड के पूर्व राज्यपाल और वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए के उम्मीदवार होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के इस फैसले का स्वागत किया है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्री राधाकृष्णन ने सार्वजनिक सेवा के लम्बे दौर में अपनी विनम्रता, बुद्धिमत्ता और समर्पण से अलग पहचान बनायी है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि श्री राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति पद के लिए दक्षिण भारत के अन्य पिछड़ा वर्ग के पहले नेता हैं।

इधर झारखंड में सी पी राधाकृष्णन को एनडीए का उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने की घोषणा का स्वागत किया गया है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद निशिकांत दुबे, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास समेत कई नेताओं ने अपने एक्स हैंडल श्री राधाकृष्णन एनडीए का उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने पर उन्हें बधाई दी है।

*******************

निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसके लिए सभी दल समान हैं और वह राजनीतिक दलों के बीच कोई भेदभाव नहीं करता। कल नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग अपने संवैधानिक कर्तव्य से पीछे नहीं हटेगा।

*******************

रांची में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और सांसद संजय सेठ ने प्रेसवार्ता कर बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर झारखंड का व्यावसायिक वर्ग स्वदेशी अपनाएं आत्मनिर्भर भारत बनाएं अभियान की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि 27 अगस्त से गणपति उत्सव के मौके पर राजधानी रांची से इस अभियान की शुरुआत होगी, जिसकी गूंज गांव–गांव तक पहुंचेगी।

*******************

सरायकेला खरसावां के आदित्यपुर सालडीह बस्ती में 10 दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव सह मेला का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया। मौके पर उन्होंने जनसमूह को संबोधित कर कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी और जीवन में दया, प्रेम और करुणा की सीख अपनाने की बात कही।

*******************

गिरिडीह के धरमपुर गांव निवासी सीआईएसएफ जवान संजय मुर्मू की कल रात अंत्येष्टि कर दी गई। उनके पार्थिव शरीर पर सरिया बगोदर के एसडीपीओ धनंजय राम समेत ग्रामीणों और साथियों ने श्रद्धांजलि दी। गौरतलब है कि संजय मुर्मू 15 अगस्त को जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में ड्यूटी के दौरान बादल फटने की घटना में शहीद हुए थे।

*******************

लातेहार जिले के बरियातू प्रखंड के झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के हॉस्टल में आग लग गई, जिसमें बेड और सामान पूरी तरह जल गए। घटना के समय छात्राएं पीटी के लिए बाहर थीं, इसलिए किसी को चोट नहीं आई। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट इसका कारण माना जा रहा है और जिला शिक्षा पदाधिकारी ने स्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

******************

कुख्यात अपराधी सरगना डब्लू सिंह उर्फ गौतम सिंह ने सात साल फरार रहने के बाद मेदिनीनगर में सरेंडर कर दिया। उसके खिलाफ 37 मामले दर्ज हैं। डब्लू सिंह ने कहा कि वह झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर अब मुख्य धारा में शामिल होना चाहता है।

******************

गढ़वा के गुरदी गांव में पति–पत्नी विवाद के बाद मायके और ससुराल पक्ष के बीच हुई मारपीट में चार पुलिसकर्मी समेत छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने हमलावरों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है और घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

******************

सरायकेला खरसावां जिले के ग्रामीण क्षेत्र में राष्ट्रीय आजीविका मिशन गरीबों को स्थाई आजीविका का साधन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

******************

खूंटी के मुरहू, अड़की और बूण्डु में मनसा पूजा धूमधाम से मनाई जा रही है, जिसमें भक्त जहरीले सांपों को गले में डालकर पूजा करते हैं। बाद में सांपों को मंत्रों के साथ जंगल में छोड़ दिया जाता है।

******************

घरेलू शेयर बाजार आज मजबूती के साथ खुले। दोपहर में सेंसेक्स और निफ्टी सूचकांकों में एक दशमलव दो प्रतिशत की बढत देखी गई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 8 सौ नवासी अंक बढकर 81 हजार चार सौ सतासी और निफ्टी तीन सौ छह अंक बढकर 24 हजार नौ सौ सैंतीस पर कारोबार कर रहे थे।

******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 92 हजार 5 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 21 हजार रुपये प्रति किलो है।

******************

मौसम विभाग ने आज सरायकेला–खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और गुमला के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में तेज बारिश के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने और वज्रपात की संभावना जताई गई है।

******************

भूटान में होने वाली सैफ अंडर–17 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए झारखंड से सात खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिनमें गुमला के पांच, रांची और हजारीबाग से एक–एक खिलाड़ी शामिल हैं। सभी खिलाड़ी वर्तमान में भूटान प्रतियोगिता की तैयारी के लिए बेंगलुरु में प्रशिक्षण ले रही हैं।

*********समाप्त*********